प्रादेशिक समाचार
दिनांक–19.05.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

हजारीबाग में केंद्रीय सड़क निधि योजना से 107 करोड़ की लागत से बनने वाली साढ़े नौ किलोमीटर मुख्य सड़क का शिलान्यास हो गया है। भारत माता चौक से सिंदूर बायपास तक इस सड़क का चौड़ीकरण और पुनर्निर्माण होगा। सांसद मनीष जायसवाल और विधायक प्रदीप प्रसाद ने इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी और नितिन गडकरी का आभार जताया है।

****

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने दिल्ली में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। मंत्री ने बताया कि बैठक में राज्य के विकास और स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा हुई। उन्होंने रिम्स–2 और नए मेडिकल कॉलेजों की रिपोर्ट राहुल गांधी को सौंपी। राहुल गांधी ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए जनता के बीच सक्रिय रहने की सलाह दी।

****

रांची के होटवार जेल में महिला कैदी के गर्भवती होने के मामले को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नेता देवेंद्र नाथ महतो ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। उन्होंने जेल प्रशासन की सुरक्षा पर सवाल उठाते हुए उच्चस्तरीय न्यायिक जांच की मांग की। राज्यपाल ने मामले को संवेदनशील बताते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

****

सरायकेला खरसावां में 30 और 31 मई को भाजपा का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा। जिलाध्यक्ष हरेकृष्ण प्रधान के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से मिलकर मार्गदर्शन लिया और उन्हें आमंत्रित किया। इस शिविर में 150 कार्यकर्ता पार्टी इतिहास, सोशल मीडिया और एआई की तकनीक सीखेंगे।

****

गुमला में जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देश पर जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले अभियान शुरू हुआ है। उपायुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में हुई बैठक में बताया गया कि 25 मई तक जिले के 616 जनजातीय बहुल गांवों में लाभार्थी संतृप्ति शिविर लगेंगे। आदि सेवा केंद्रों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच और सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

****

बोकारो में बढ़ती बाइक चोरी के बीच पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बीएस सिटी थाना पुलिस ने एक सक्रिय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर चोरी की पांच मोटरसाइकिलें बरामद हुई हैं। डीएसपी आलोक रंजन ने बताया कि आरोपियों पर तीन अन्य थानों में भी मामले दर्ज हैं।

****

जामताड़ा पुलिस ने कर्माटांड़ थाना क्षेत्र से पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने बताया कि ये आरोपी झाड़ियों में छिपकर अपराध कर रहे थे। इनके पास से पांच मोबाइल, छह सिम और तीन एटीएम कार्ड बरामद हुए हैं। सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

****

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी गई है। इस टीम में झारखंड की तीन खिलाड़ी शामिल हैं, जिसमें स्टार मिडफील्डर सलीमा टेटे को टीम की कमान सौंपी गई है। उनके साथ अनुभवी डिफेंडर निक्की प्रधान और युवा खिलाड़ी दीपिका सोरेन भी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह ने तीनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए इसे राज्य के लिए गौरवशाली पल बताया।

****

झारखंड की युवा निशानेबाज देवासी हेंब्रम ने थाईलैंड इंटरनेशनल राइफल शूटिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है। जामताड़ा के गरीब परिवार से आने वाली देवासी को इस ऐतिहासिक सफलता पर आज नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सम्मानित किया। उन्होंने राज्य सरकार से ग्रामीण और गरीब खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं देने की मांग की।

********समाप्त********